

## मां और पापा से मिलती है मेरी और इब्राहिम की शक्ल, लेकिन सब उल्टा है

बॉलिवुड ऐक्ट्रेस सारा अली खान और उनके भाई इब्राहिम अली को देखकर अक्सर लोग कहते हैं कि दोनों बिल्कुल वैसे ही दिखते हैं, जैसे अमृता और सैफ अपनी यंग एज में दिखते थे। दोनों अपने मां–बाप की एकदम कॉपी हैं। अब सारा ने भी माना है कि ये नॉर्मल नहीं है। उन्होंने ये भी खुलासा किया कि उनके घर पर भी इस बात को लेकर चर्चा होती है। हालांकि, उन्होंने ये भी बताया है कि भले ही उनका चेहरा मां और भाई का चेहरा डैड से मिलता है, लेकिन उनकी पर्सनैलिटी अदल–बदल गई है। सारा अली खान ने इस बारे में खुलासा किया कि वो मां अमृता सिंह जैसी दिखती हैं और भाई इब्राहिम अली खान की छवि पिता सैफ अली खान से मिलती है तो उन्हें और उनके भाई को कैसा महसूस होता है। उन्होंने कहा कि ये श्नॉर्मलश नहीं है। वो बोलीं, मैं बिल्कुल मॉम की तरह दिखती हूं और इब्राहिम बिल्कुल डैड की तरह, ये नॉर्मल नहीं है। हम आइडेंटिकल हैं। ऐसा नहीं है कि हमें उनकी झलक है। हम हुबहू उनके जैसे दिखते हैं, जैसे वो पहले दिखते थे। इसलिए शायद लोग बात करते हैं। सारा अली खान की भी तुलना अमृता सिंह से होती है।

## आशा नेगी ने 2 साल बाद रित्विक धनजानी संग ब्रेकअप पर तोड़ी चुप्पी

टीवी ऐक्ट्रेस आशा नेगी इन दिनों चर्चा में हैं। वो कुणाल खेमू संग वेब सीरीज अभय 3 में नजर आने वाली हैं। उन्होंने टीवी से अपना सफर शुरू किया था और इसी दौर में उनकी मुलाकात ऐक्टर रित्विक धनजानी से हुई थी। दोनों पहली मुलाकात में ही एक–दूसरे को दिल दे बैठे थे। उन्होंने 7 साल तक डेट किया, लेकिन 2020 में ब्रेकअप का फैसला सुनाकर फैंस को भी हैरान कर दिया। ऐक्ट्रेस पहले भी इस पर अपनी चुप्पी तोड़ चुकी हैं, लेकिन इस बार उन्होंने अपना दर्द बयां किया है। उन्होंने बताया कि कैसे लोग उन्हें दोषी मानते हैं और कहते हैं कि श्अब फिल्मों में काम करने लगी है तो उसे कहां डेट करेगी। जहां एक तरफ आशा नेगी सफलता की सीढ़ियां चढ़ रही हैं तो वहीं कई लोग हैं, जो उन्हें अभी भी रित्विक धनजानी संग ब्रेकअप को लेकर ट्रोल करते रहते हैं और रिश्ता टूटने का इल्जाम उनके सिर पर लगाते हैं। उन्हें समझ नहीं आता है कि पर्सनल लाइफ का प्रोफेशनल वर्क से क्या लेना–देना है। जब उनका ब्रेकअप हुआ था, तभी उनकी फिल्म लूडो रिलीज हुई थी और उस समय भी उन्हें जज किया गया था। ऐक्ट्रेस ने कहा, बहुत से लोग थे, जो कह रहे थे कि इसे फिल्म मिल गई है, इसलिए इसने ब्रेकअप किया है। वो कहते थे, अब तो फिल्म ऐक्टर बन गई है, अब उसे क्यों डेट करेगी।

## नवजात बेटे को सीने से चिपकाकर घर लौटे पापा हर्ष लिंबाचिया





मशहूर कमीडियन क्वीन भारती सिंह मां बन गई हैं। उन्होंने हाल में ही बेटे को जन्म दिया है। अब हॉस्पिटल से वह डिस्चार्ज हो गई हैं। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद वह पति हर्ष लिंबचिया और बेबी बॉय के साथ नजर आईं। अस्पताल के बाहर हर्ष लिंबचिया बेटे को गोद में लिए नजर आए तो भारती सिंह भी खुशी को पैपराजी के साथ साझा करती दिखीं। उन्होंने घर रवाना होने से पहले मीडिया को खूब पोज दिए और उनके साथ बातचीत की। फैंस भारती सिंह के इस वीडियो पर खूब प्यार बरसा रहे हैं। सोशल मीडिया पर सामने आए इस वीडियो में भारती सिंह ब्रीच कैंड अस्पताल के बाहर पति हर्ष और बेटे के साथ पोज दे रही हैं। सभी पैपराजी भी उनसे कहते हैं कि वह मामा और चाचा बनने पर काफी खुश हैं। वीडियो में अस्पताल का स्टाफ भी नजर आ रहा है। सभी इस कपल की तस्वीरें ले रहे हैं। इस वीडियो के सामने आने के बाद सभी एक बार फिर भारती सिंह को शुभकामनाएं देने लगे। हजारों फैंस ने पोस्ट पर बधाइयां दीं तो कुछ ने कहा कि नजर न लगे। एक फैन ने लिखा कि मुबारक हो भारती तो एक ने कहा कि ये कपल सबसे प्यारा है। अभी भारती सिंह के फैंस को उनके बेबी बॉय की झलक देखने का बेसब्री से इंतजार है।

# रितिक और सबा ने फैंस का ध्यान खींचा

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*इंटरनेट पर ऐक्टर रितिक रोशन सबा आजाद और अर्सलान गोनी–सुजैन खान की पार्टी की तस्वीरें खासा चर्चा बटोर रही है। चारों ने गोवा में धमाकेदार पार्टी रखी और इस बैश की नई तस्वीर फिलहाल सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है। इस तस्वीर में रितिक रोशन कथित गर्लफ्रेंड सबा आजाद का हाथ थामे नजर आए तो सुजैन भी बॉयफ्रेंड अर्सलान के साथ पोज देती नजर आईं। बेशक सुजैन खान और रितिक रोशन ने तलाक ले लिया है लेकिन आज भी दोनों अच्छे दोस्त हैं। दोनों साथ में बच्चों की परवरिश कर रहे हैं और साथ में समय बिताते दिख जाते हैं।*



हाल में ही सुजैन खान ने गोवा में अपना एक रेस्टोरेंट खोला है। इस बात की पार्टी उन्होंने दोस्तों और बॉयफ्रेंड के साथ रखी। इस पार्टी में रितिक रोशन की कथित गर्लफ्रेंड सबा आजा को भी इनवाइट किया गया। अब खुद सुजैन ने इस पार्टी की वीडियो शेयर की है जिसमें चारों को एन्जॉय करते देखा जा सकता है। इन तस्वीरों में इन चारों के अलावा जैद खान भी नजर आ रहे हैं।

**सुजैन खान का पोस्ट**

सुजैन खान ने इन तस्वीरों का एक वीडियो बनाकर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा कि, लाइफ की सबसे प्यारा आशीर्वाद यही होता है कि आप इस पॉजिटिव एनर्जी के साथ घिरे होते हैं। जब आप अपना सपना पूरा करते हैं और ये सब आपका साथ देते हैं। मेरे इस छोटे से विलेज में शामिल होने के लिए सभी का शुक्रिया। मैं आप सभी से बहुत प्यार करती हूं। चलिए इस लाइफ को और खूबसूरत बनाते हैं।

**रितिक रोशन और सबा आजाद...**

पिछले कुछ समय से 48 वर्षीय रितिक रोशन अपनी लव लाइफ को लेकर एक बार फिर चर्चा में हैं। लगातार वह सिंगर और ऐक्ट्रेस सबा आजा को लेकर सोशल मीडिया की हैडलाइन्स में बने हुए हैं।



कभी एयरपोर्ट पर वह सबा आजाद का हाथ थामे दिखते हैं तो कभी सोशल मीडिया पर उनके साथ गुफ्तगू करते नजर आते हैं। फैंस को बेसब्री से इंतजार हैं जब ऐक्टर अपने रिलेशनशिप को ऑफिशियल करेंगे।

**रितिक रोशन की शादी और तलाक**

बता दें सुजैन खान और रितिक रोशन ने साल 2000 में शादी की थी लेकिन करीब 13 साल साथ रहने के बाद दोनों अलग हो गए। कहा जाता है कि आजतक का ये इंडस्ट्री का सबसे मंहगा तलाक रहा था।

# एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर ने तबाह किया राम गोपाल वर्मा का घरौंदा






*राम गोपाल वर्मा की कहानी को शुरू से शुरू करते हैं। उनका जन्म हैदराबाद में हुआ। उन्होंने सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की। एक बार अपने बिहेवियर के बारे में बात करते हुए तहलका मैगजीन को दिए इंटरव्यू में उन्होंने बताया था कि उन्हें किताबे पढ़ने से ज्यादा लोगों को पढ़ना पसंद था। वह क्लासेस छोड़कर फिल्म देखने जाया करते थे। ऐसा करते करते उन्हें फिल्मों का चस्का लग गया और उन्होंने सोच लिया था कि वह निर्देशन में हाथ अजमाएंगे।*

**राम गोपाल वर्मा का करियर**

राम गोपाल ने तेलुगू फिल्म 'शिवा' से करियर की शुरुआत की। उन्होंने फिर बॉलिवुड का रुख किया। यहां उनकी पहली हिंदी फिल्म थी 'रंगीला'। पहली ही फिल्म से उन्होंने छक्का जड़ दिया और वह हिट निर्देशकों की लिस्ट में शुमार हो गए। रंगीला में आमिर खान और उर्मिला मातोंडकर नजर आए थे। फिर अगला शॉट राम गोपाल वर्मा ने साल 1998 में फिल्म 'सत्या' से लगाया था। ये फिल्म सिनेमा की बेस्ट फिल्मों में शुमार हो गई।

**जड़ दिया था थप्पड़**

उर्मिला मातोंडकर और राम गोपाल वर्मा के अफेयर के चर्चे उस जमाने में आम हो गए थे। कहा जाता है कि दोनों एक दूसरे को दिल दे बैठे थे लेकिन राम गोपाल वर्मा उस समय शादीशुदा थे और इस वजह से भूचाल मच गया था। जब ये मसालेदार खबरें राम गोपाल वर्मा की पत्नी रत्ना के कानों में पड़ी तो विवाद बढ़ता चला गया। कहा जाता है कि रत्ना गुस्से में इतना तमतमा गई थीं कि उन्होंने ऐक्ट्रेस को थप्पड़ जड़ दिया था। कहा जाता है कि कुछ समय बाद रामू और उनकी पत्नी का तलाक हो गया। वहां उर्मिला मातोंडकर ने भी करियर बचाने के लिए इस रिश्ते को खत्म कर दिया। इस तरह राम गोपाल वर्मा की निजी जिंदगी भी पूरी तरह तबाह हो गई।

**१३ फिल्मों में बनाया हीरोइन**

उर्मिला मातोंडकर संग राम गोपाल वर्मा ने करीब 13 फिल्मों में काम किया। कहा जाता है कि ऐक्ट्रेस का करियर चमकाने वाले वही थी। कहते हैं कि राम गोपाल वर्मा का तालमेल दूसरे निर्देशकों के साथ अच्छा नहीं था और उर्मिला की जिद यही थी कि वह सिर्फ रामू के साथ ही फिल्में करने लगी थीं।